# मीरजापुर पुलिस

## —प्रेस नोट—

दिनांकः 27.08.2025

**थाना चुनार पुलिस द्वारा अवैध ONEREX नशीला सीरप की 8374 शीशी के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार, परिवहन में प्रयुक्त वाहन (डीसीएम ट्रक) बरामद—**

"सोमेन बर्मा" वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने तथा अवैध रूप से मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिया गया है।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में थाना चुनार पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। दिनांकः 26.08.2025 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना चुनार पुलिस टीम द्वारा थाना चुनार क्षेत्रांतर्गत पुलिस चौकी चकगंभीरा के पास सघन चेकिंग कर डीसीएम ट्रक अंकित वाहन संख्याः MH 14 HG 0083 में सवार 01 अभियुक्त सुनील कुमार बैरागी पुत्र स्व0 आमोल दास बैरागी निवासी राजू कालोनी मण्डला थाना मण्डला जनपद मण्डला मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया गया। बरामद वाहन की तलाशी ली गयी तो उपरोक्त वाहन डीसीएम ट्रक से 8374 शीशी (प्रत्येक 100 एमएल) अवैध ONEREX नशीला सीरप बरामद हुई। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चुनार पर मु 0अ0स0- 416/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट, 319(2),318(4) बीएनएस पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को मा 0न्यायालय/जेल भेजा जा रहा है तथा तस्करी में प्रयुक्त उपरोक्त डीसीएम ट्रक वाहन को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

**पूछताछ अभियुक्त-**

गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ में बताया गया कि अपने साथी के साथ मिलकर राजा तालाब वाराणसी से अवैध सीरप को डीसीएम ट्रक में छिपाकर जनपद मण्डला मध्य प्रदेश ले जा रहे थे। ट्रक में लदे अवैध सीरप की कीमत लगभग 20 लाख रूपये की है। उक्त सीरप को लोग नशे के रूप में प्रयोग करते है, जिसे बेचकर अच्छी धनराशि प्राप्त होती है जिसे हमलोग आपस में बाट लेते है।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त —**

सुनील कुमार बैरागी पुत्र स्व0 आमोल दास बैरागी निवासी राजू कालोनी मण्डला थाना मण्डला जनपद मण्डला मध्य प्रदेश, उम्र करीब 40 वर्ष।

**विवरण बरामदगी—**

8374 शीशी (प्रत्येक 100 एमएल) अवैध ONEREX नशीला सीरप

डीसीएम ट्रक अंकित वाहन संख्याः MH 14 HG 0083

**पंजीकृत अभियोग —**

मु0अ0सं0 - 416/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट, 319(2),318(4) बीएनएस थाना चुनार जनपद मीरजापुर ।

**गिरफ्तारी का स्थान दिनांक व समय —**

थाना चुनार क्षेत्रांतर्गत पुलिस चौकी चकगंभीरा के पास से सघन चेकिंग के दौरान , दिनांकः 26.08.2025 को समय 16.00 बजे ।

**गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —**

प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र भूषण मौर्य थाना चुनार जनपद मीरजापुर ।

उप निरीक्षक हरिशंकर सिंह मय पुलिस टीम थाना चुनार जनपद मीरजापुर ।





*************